# बंगवार खदान के यार्ड में धधक रहा कोयला

## एक माह में बंकर तक पहुंच गई आग, कर्मचारी खतरे में

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के सोहागपुर एरिया अंतर्गत बंगवार भूमिगत कोयला खदान के कोयला यार्ड में पिछले एक महीने से लगातार कोयला जल रहा है। और अब यह आग बंकर के पास तक पहुंच चुकी है। इससे एक ओर जहां मौके पर कर्मचारियों की जान खतरे में है, वहीं राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। बंगवार खदान में लगी इस आग की जानकारी प्रबंधन के सभी अधिकारियों को है इसके बाद भी आग बुझाने के कोई खास प्रयास नहीं किया जा रहे हैं।

आग किन कारणों से लगी है अभी तक इसका भी खुलासा नहीं हो सका है। बंगवार खदान के कोल यार्ड में लगी आग हर दिन अपना विकराल रूप लेती जा रही है। पिछले एक माह पहले यह आग सामान्य रूप से धधक रही थी। इसके बाद तेज धुंआ उठने



लगा। अब यार्ड में लगी आग ईंट भट्टे की तरह धधक रही है। कोल यार्ड का बंकर जर्जर हालत में हैं, यदि आग से बंकर का कोई पाया गल के टूटा तो बड़ा हादसा हो सकता है।पिछले एक माह से आग लगने के कारण बंगवार खदान में कई टन कोयला जलकर राख हो गया है। प्रबंधन के अनुसार आग के कारण कोल यार्ड में रखा कोयला हर दिन जलकर राख हो रहा है। हालांकि प्रबंधन ने अभी इस बात की पुष्टि नहीं की है कि अब तक कितने टन कोयला जलकर राख हुआ है। कई टन कोयला जलने से आसपास के इलाकों में प्रदूषण भी बढ़ रहा है। दिन रात कोयला जलने के कारण धुआं फैल रहा है।

सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक पी कृष्णा ने बताया कि बंगवार खदान के कोल यार्ड में आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आग की स्थिति सामान्य है, और उसे जल्द पूरी तरह से बुझा लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि आग से हुए नुकसान का भी आंकलन किया जाएगा।

# कुत्ते से करवाया चीतल शावक का शिकार

## पके हुए मास के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ नेशनल पार्क में वन्यजीवों के शिकार की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। हाल ही में पतौर रेंज के बमेरा बीट क्षेत्र में चीतल के एक शावक के शिकार का मामला सामने आया है। शिकारियों ने अवैध रूप से पार्क में प्रवेश कर पालतू कुत्तों से शावक पर हमला करवाया और उसे मारने के बाद उसका मांस काटकर अपने साथ ले गए।

इस मामले में विभाग ने तेजी से कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बांधवगढ़ नेशनल पार्क के उप संचालक पी.के. वर्मा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर पनपथा के उप वनमंडलाधिकारी बी.एस. उप्पल के मार्गदर्शन और परिक्षेत्र अधिकारी अर्पित मैराल के नेतृत्व में एक टीम मौके पर रवाना की गई। जांच के दौरान यह पता चला कि शिकारी पतमन हार क्षेत्र में अवैध रूप से घुसे थे। उन्होंने बताया कि मामले में रामलाल बैगा पिता स्व. बंगाली बैगा, उम्र 40 वर्ष साकिन उमरिया बकेली, कमलेश बैगा पिता लल्ला वैगा उम्र 35 वर्ष साकिन उमरिया बकेली, छोटेलाल लोनी पिता नर्वदा लोनी उम्र 40 वर्ष साकिन उमरिया बकेली को चीतल के पके हुए मांस के साथ पकड़ा गया है।

**कुत्ते से कराया शिकार**

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने कुत्तों



का इस्तेमाल कर चीतल के शावक को दौड़ाकर मारा और फिर उसका मांस काटकर ले गए। घटना में शामिल आरोपियों को पकड़ने में परिक्षेत्र अधिकारी अर्पित मैराल और उनकी टीम, जिसमें सहायक संतोष कुमार चतुर्वेदी, वनरक्षक योगेश कुमार पाण्डेय, वीरेन्द्र कुमार पटेल, डी. रज्जू सिंह पेन्द्रे और कैलाश प्रसाद चौधरी शामिल थे, का अहम योगदान रहा।

**लगातार कम हो रहे जंगली जानवर**

बांधवगढ़ नेशनल पार्क में यह घटना वन्यजीव सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती है। इससे पहले 11 हाथियों की संदिग्ध मौत और एक घायल तेंदुए की उपचार के दौरान मृत्यु जैसी घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। वन विभाग ने मामले की जांच तेज कर दी है और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## सार-समाचार

### बिना चलाए हैंडपंप से निकल रहा पानी, 20 साल से हो रहा ऐसा



**उमरिया, देशबन्धु।** आमतौर पर हैंडपंप से पानी निकालने के लिए उसे चलाना पड़ता है, लेकिन उमरिया में ऐसा हैंडपंप है, जिससे बिना चलाए ही 24 घंटे पानी निकलता रहता है। यह हैंडपंप मानपुर विकासखंड के पनपथा मार्ग पर मझौली के पास स्थित है। खाास है कि ऐसा पिछले 20 साल से हो रहा है।

### उमरिया में ग्रामीणों और हाथी मित्रों की बैठक



**उमरिया, देशबन्धु।** बाघों के लिए विश्व मशहूर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथी और इंसानों के बीच टकराव रोकने के लिए प्रबंधन ने गांव के लोगों को जानकारी दी है। हाथियों के व्यवहार के विशेषज्ञों ने मानपुर के 11 गांव के 30 लोगों के साथ टाइगर रिजर्व के अधिकारियों को जानकारी दी।

### उच्च न्यायालय जबलपुर में केबियट दायर

**पन्ना,देशबन्धु।** गुनौर तहसील अंतर्गत बस स्टैण्ड एवं शॉपिंग कॉम्पलेक्स की दुकानों का निर्माण जनभागीदारी समिति द्वारा करवाया गया था। वर्ष 2006 में निर्माण कार्य प्रारंभ होने के उपरांत 2010 से आवंटित एवं नीलाम दुकानों का संचालन संबंधित दुकानदारों द्वारा किया जा रहा है, किन्तु पूर्ण निर्मित दुकानों की नीलामी राशि एवं किराया राशि जमा न होने की स्थिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अध्यक्ष जनभागीदारी समिति गुनौर द्वारा संबंधितों को निर्धारित राशि में 18 प्रतिशत वसूली नोटिस गत 28 अक्टूबर एवं 11 नवम्बर को दिए गए थे। वर्तमान में किराया राशि जमा करने व वसूल करने की कार्यवाही प्रचलित है।

इस संबंध में संपूर्ण कार्यवाही के सुचारू रूप से क्रियान्वयन के संबंध में उच्च न्यायालय जबलपुर में केबियट दायर की गई है। आगामी दिनों में सुनवाई नियत होने के कारण संबंधितजनों को निश्चित तिथि पर स्वयं अथवा अधिवक्ता की उपस्थिति के संबंध में सूचित किया गया है अन्यथा एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर सुनवाई पश्चात निर्णय किया जाएगा। एसडीएम रामनिवास चौधरी ने बताया कि सुनवाई के संबंध में संबंधितजन द्वारा उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है। निर्धारित तिथि के बाद आपत्ति प्राप्त होने या उपस्थित होने पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में हुई बैठक

**पन्ना,देशबन्धु।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राजाराम भारतीय की अध्यक्षता



में सोमवार को नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के दृष्टिगत एडीआर भवन में बैठक हुई। वर्ष 2024 की अंतिम लोक अदालत शनिवार, 14 दिसम्बर को समस्त न्यायालयों में आयोजित की जाएगी। इसमें राजीनामा के माध्यम से अधिकतम प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

प्रधान जिला न्यायाधीश ने अभिभाषक संघ के सदस्यों के साथ हुई बैठक में उपस्थित अधिवक्तागण से क्लेम प्रकरणों, मोटर दावा दुर्घटना, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील प्रकरणों के अधिकाधिक संख्या में तथा गत लोक अदालत से 10 प्रतिशत अधिक मामलों के निराकरण कराने की अपेक्षा की गई। बैठक में जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार सहित जिला न्यायाधीश इन्द्रजीत रघुवंशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील अहिरवार, न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहित ब?के, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते, शासकीय अभिभाषक किशोर श्रीवास्तव, मीडिएटर अधिवक्ता आशा खरे, धर्मेन्द्र पाण्डेय एवं लक्ष्मीनारायण द्विवेदी, अधिवक्ता एम.एल. अवस्थी, दीपक उपाध्याय, पवन शुक्ला, अशोक शर्मा एवं कुंवर बहादुर उपाध्याय और लीगल एड डिफेंस काउंसिल टीम चीफ आनंद त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

# पदभार ग्रहण करते ही कमिश्नर ने अधिकारियों की ली बैठक

**शहडोल, देशबन्धु।** नवागत कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने कमिश्नर कार्यालय के सभागार में अधिकारियों से चर्चा की तथा निर्देश दिए कि विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर सुनिश्चित करें जिससे पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

नवागत कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती गुप्ता ने खरीफ



2024 और रबी सीजन 2024-25 की समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने सहकारिता, पशुपालन, मछुआ, किसान कल्याण, उर्वरक की उपलब्धता, सोयाबीन उपार्जन की प्रगति, रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा जैसे अन्य विषयों पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर शहडोल केदार सिंह, कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली, कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र जैन, संभाग के जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# रायपुर से घर लौट रहे युवक की बाइक पत्थर से टकराई, हेलमेट भी नहीं बचा पाया जान

**शहडोल, देशबन्धु।** रायपुर से सीधी अपने घर वापस लौट रहे बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई है, घटना ब्यौहारी थाना क्षेत्र में बीती रात्रि हुई है। जोरा गांव में निर्माणाधीन पुलिया के ऊपर तेज़ रफ्तार बाइक पत्थर से टकरा गई और बाइक सवार सड़क पर गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोट पहुंची और उसने मौके पर दम तोड़ दिया।

बताया गया कि मध्य प्रदेश के सीधी जिले के पीपरोहर गांव का रहने वाला कामता प्रसाद चौबे पिता जमुना (38) छत्तीसगढ़ के रायपुर में निजी कंपनी में कार्यकर्ता था, जिसे कंपनी से छुट्टी मिली थी और वह बाइक में सवार होकर अपने घर सीधी आ रहा था। तभी रास्ते में ब्यौहारी के जोरा गांव में निर्माणाधीन पुलिया पर पत्थर से तेज रफ्तार बाइक टकरा गई। इससे युवक सड़क पर गिर गया ,गंभीर चोट पहुंचाने से युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना बीती रात्रि घटी है, बाइक सवार युवक के सिर में हेलमेट लगा हुआ था, और आसपास काफी खून गिरा था। स्थानीय लोगों ने जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने युवक के पर्स की तलाशी लेकर शिनाख्त की। परिवार के लोगों को पुलिस ने हादसे की जानकारी दी। सोमवार की सुबह परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए।



पुलिस ने मामले पर मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी अरुण पांडे ने बताया कि बाइक सवार की सड़क दुर्घटना में मौत हुई है। युवक की पहचान कर मामले की खबर परिजनों को दे दी गई है। पीएम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया जाएगा।

# शहडोल के एसपी होंगे श्रीवास्तव कुमार प्रतीक पहुंचे भोपाल

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल के पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक का स्थानांतरण हो गया है। राज्य शासन द्वारा सोमवार को जारी की गई तबादला सूची द्वारा उन्हें अब 23वीं वाहिनी विसबल भोपाल में पदस्थ किया गया है। जबकि रामजी श्रीवास्तव को शहडोल का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

गृह विभाग के अवर सचिव अन्नू भलावी के हस्ताक्षर से जारी आदेश के अनुसार 2012 बैच के कुमार प्रतीक को शहडोल पुलिस अधीक्षक से सेनानी 23वीं वाहिनी विसबल भोपाल पदस्थ किया गया है। जबकि

2013 बैच के रामजी श्रीवास्तव (जो सेनानी 8वीं वाहिनी विसबल छिंदवाड़ा में पदस्थ थे) उन्हें शहडोल का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

यह भी एक इत्तेफाक है, कि वर्ष 2022 में एक घटनाक्रम के बाद सिवनी में पदस्थ पुलिस अधीक्षक कुमार प्रदीप को हटाया गया था और उसके बाद रामजी श्रीवास्तव को सिवनी का पुलिस अधीक्षक बनाया गया था। अब यही



घटनाक्रम एक बार फिर शहडोल में नजर आया है। शहडोल में भी कुमार प्रतीक के स्थान पर अब रामजी श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक का कार्यभार संभालेंगे।

शुक्रवार को शहडोल में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस समारोह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में राज्यपाल के संबोधन के दौरान कुछ पत्रकारों द्वारा जो नारेबाजी की गई थी पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के तबादले को इसी घटनाक्रम से जोड़कर देखा जा रहा है। क्योंकि इससे पहले शहडोल जनसंपर्क कार्यालय में पदस्थ उपसंचालक जीएस मर्सकोले को भी निलंबित किया जा चुका है।

# ब्यौहारी में हाथियों के उत्पात से दहशत

## खेल में पंप और पाइप को तोड़ा,घर में रखी फसल खा गए

**शहडोल,देशबन्धु।** ब्यौहारी वन परिक्षेत्र में लगातार हाथियों का मूवमेंट जारी है। जिससे लोगों में काफी आक्रोश है। वन विभाग भी लगातार हाथियों के मूवमेंट पर नजर बनाए हुए है। हाथी क्क्क्रऔर स्क्क्रके बफर जोन से निकलकर रात में गांवों में घुसते हैं और दिन होते ही वापस जंगल चले जात

बीती रात ब्यौहारी के आखेटपुर, सरवाही, बोचरो, बनासी में पिछले 10 दिनों से 20 जंगली हाथियों का झुंड उत्पात मचा रहा है। जिससे अब ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। आखेटपुर के रहने वाले भीमसेन ने बताया कि रविवार रात 8 बजे हाथियों का झुंड उनके घर पहुंचा और घर के सामने लगी बाड़ी को तोड़फोड़ करते हुए घर के आंगन में रखी धान को हाथी खा गए। बची हुई धान को नष्ट कर आगे बढ़ गए है। जिससे किसान का काफी नुकसान हुआ है।

**पंप और पाइप भी तोड़ गए हाथी**

बोचरो और बनासी गांव में खेतों की



सिंचाई के लिए किसानों ने पंप के पाइप बिछा रखे थे, जिसे हाथियों के झुंड ने तोड़ दिया है। जिससे किसानों का काफी नुकसान हुआ है। गांव के आसपास के कई घरों में हाथियों ने यह तोड़फोड़ मचाई है,जिससे लोगों में काफी गुस्सा फूट पड़ा है।

**ग्रामीण आक्रोश में कर रहे विरोध**

जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल ने बताया कि गांव के लोगों में काफी दहशत का माहौल है।

लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि जंगली हाथियों को जल्द से जल्द यहां से रेस्क्यू कर जंगल ले जाया जाए नहीं तो ग्रामीण अब आंदोलन करेंगे।

**नुकसान का मुआवजा देंगे**

एसडीओ रेशम सिंह धुर्वे से जब इस संबंध में बात की गई तो उनका कहना है कि पिछले कई दिनों से यहां 20 जंगली हाथियों का मूवमेंट बना हुआ है। टीम लगातार निगरानी बनाए हुए हैं, वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी गई है। किसानों के धान व गन्ने की फसल को नुकसान हुआ है मुआवजे की प्रक्रिया करवाई जा रही है।

# वायु एवं ध्वनि प्रदूषण से होने वाले दुष्प्रभाव एवं नियंत्रण के संबंध में सुझाव

**पन्ना,देशबन्धु।** विश्व भर में वायु प्रदूषण मृत्यु का एक बड़ा कारक है। वैश्विक विश्लेषण के अनुसार देश की वायु गुणवत्ता को दुनिया में सबसे खराब स्थिति में रखा गया है। भारत में प्रतिवेदित कुल मृत्यु के 18 प्रतिशत प्रकरण वायु प्रदूषण से जनित रोगों से होना पाया गया है।

इसी तारतम्य में सीएमएचओ डॉ. एस.के. त्रिपाठी द्वारा भारत सरकार के जारी दिशा निर्देशों के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए गए हैं। बताया गया है कि वायु प्रदूषण से मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव प?ता है एवं गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं जैसे फेफडों का कैंसर, एलर्जी एवं संक्रमण, मानसिक रोग, गले में खराश या दर्द, हृदय रोग एवं स्ट्रोक उत्पन्न हो सकता है। वायु प्रदूषण को दैनिक क्रियाकलापों में सकारात्मक परिवर्तन करके नियंत्रित कर सकते हैं। जैसे अनावश्यक वाहनों के प्रयोग एवं अत्यधिक रूम फ्रेशनर का उपयोग करने से बचें। घर के अंदर लकड़ी, कोयला, गोबर के कंडे, कैरोसीन का उपयोग भोजन पकाने के लिए नहीं किया जाए। घर को गर्म करने के लिए लकड़ी अथवा कोयले वाली अंगीठियों का उपयोग नहीं करें, क्योंकि कार्बन मोनो ऑक्साइड के अधिक निर्माण से यह जानलेवा हो सकता है।

बंद कमरों में अगरबत्ती, मच्छर भगाने वाली क्वायल आदि को जलाने से बचा जाए। ऊर्जा संरक्षण को ब?ावा दें। पौधारोपण करें, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें, वैकल्पिक ऊर्जा जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जल ऊर्जा का उपयोग करें। इसके अलावा जनसंख्या नियंत्रण में भागीदारी एवं अन्य जन जागरूकता उपाय शामिल हैं।

प्रदूषण से बचाव के लिए अपने खानपान एवं दिनचर्या में अच्छी आदतों को शामिल करना चाहिए। घर के अंदर सफाई के लिए सूखा झाड़ू की अपेक्षा गीले पोंछे का उपयोग बेहतर विकल्प है। आंखों की स्वच्छता हेतु नेत्रों को बार-बार साफ पानी से धोना चाहिए।

नीम की पत्तियों का सेवन, शहद, लहसुन, अदरक का यथासंभव सेवन, पानी का ज्यादा से ज्यादा सेवन, तुलसी के पत्तों का पानी, अदरक और सरसों के तेल की बूंद नाक में डालने से भी हानिकारक धूल से बचा जा सकता है। वातावरण को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है, जिसे हम अपने दैनिक क्रियाकलापों में सकारात्मक परिवर्तन द्वारा नियंत्रित कर सकते हैं।

# समाधान ऑनलाइन विषय से संबंधित प्रकरणों का अविलंब करें शत प्रतिशत निराकरण: कलेक्टर

**पन्ना,देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आगामी समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में विभागवार चयनित विषयों के लंबित प्रकरणों का अविलंब एवं शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दो दिवस में समाधान ऑनलाइन के चयनित विषयों सहित 100 दिवस से अधिक समयावधि के लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का भी अनिवार्य रूप से तथा स?क






मरम्मत, पीएम किसान एवं सीमांकन जैसे महत्वपूर्ण विषयों के लंबित प्रकरण भी गंभीरतापूर्वक निराकृत किया जाए।

कलेक्टर ने जिले की सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग में सुधार के लिए इस सप्ताह प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण के लिए निर्देशित किया। पूर्व के निर्देशों के बावजूद अब तक लंबित मामलों के अपेक्षानुरूप कम निराकरण एवं प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि निर्धारित समयावधि में लंबित शिकायतें एवं प्रकरण निराकृत नहीं होने पर अथवा लापरवाही की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा।

इसलिए शिकायतकर्ता से सतत संपर्क में रहकर प्रकरणों का उचित निराकरण करें। समस्त जिलाधिकारियों को विभाग अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों तथा कर्मचारियों के कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए गए। टीएल बैठक में जिपं सीईओ संघ प्रिय, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।